Roll No. ..........................

Total No. of Pages : 4+2

Total No. of Questions : 13

उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड

**विषय कोड : 828**

## सामान्य हिंदी

## Paper VI

**समय : 1½ घण्टे** **पूर्णांक : 50**

**निर्देश** : – सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

1. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 1×3=3

   (*i*) भगवान तुम्हारा भला करे। .................................................. वाक्य है।

   (संकेतवाचक/इच्छावाचक)

   (*ii*) "कनकलता" शब्द में .................................................. समास है।

   (कर्मधारय/बहुब्रीहि)

   (*iii*) रचना के आधार पर वाक्य .................................................. प्रकार के होते हैं।

   (आठ/तीन)

2. सही विकल्प चयन कर लिखिए : 1×3=3

   (*i*) जलधर शब्द का अर्थ है :

   (अ) आसमान

   (ब) आकाश

   (स) बादल

   (द) पृथ्वी



868

(*ii*) तत्पुरुष समास का उदाहरण है :

(अ) यथाशक्ति

(ब) धर्मनिष्ठा

(स) सत्याग्रह

(द) भाई-बहिन

(*iii*) 'कमर कसना' का अर्थ है :

(अ) तैयार रहना

(ब) कमर बाँधना

(स) कमर पर रस्सी बाँधना

(द) कमर कपड़े से कसना

3. एक शब्द में उत्तर लिखिए : 1×3=3

(*i*) कौनसी भाषा जानने वाले विश्व में सर्वाधिक हैं ?

(*ii*) माँ किन गुणों को धारण किये हुए हैं ?

(*iii*) हिमालय पर्वत से कौनसी पवित्र नदी निकलती है ?

4. निम्नलिखित कथनों में से सत्य/असत्य चयन कर लिखिए : 1×3=3

(*i*) भक्तिकाल के राम-भक्त कवियों में तुलसीदास का नाम सर्वोपरि है।

(*ii*) रहीम के अनुसार कुसंग से कीर्ति बढ़ती है।

(*iii*) ग्राम पंचायत तत्सम शब्द है।



869

5. सही जोड़ी बनाइए : 3

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*i*) | जागो फिर एक बार | (अ) | संक्षेपण |
| (*ii*) | सृजन यात्रा की साथी | (ब) | निंदनीय |
| (*iii*) | गागर में सागर | (स) | त्रासदी |
| (*iv*) | लोकोक्तियाँ | (द) | निराला |
| (*v*) | ट्रेजडी का पारिभाषिक शब्द | (य) | संपूर्ण वाक्य |
| (*vi*) | प्रशंसनीय | (र) | पुस्तकें |
| | | (ल) | दुर्घटना |

6. मानवता के विकास की पुण्यभूमि किसे कहा है ? 2

**अथवा**

भूषण जी की कविताओं में किस गुण की प्रधानता है ?

7. मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

( *i*) आँख का तारा

(*ii*) घी के चिराग जलाना

**अथवा**

निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए :

नदी, सागर



870

8. निम्नलिखित उपसर्ग लगाकर **दो-दो** शब्द बनाकर लिखिए (कोई **दो**) : 2

प्रति, गैर, नि

**अथवा**

निम्नलिखित प्रत्यय लगाकर **दो-दो** नये शब्द बनाकर लिखिए (कोई **दो**) :

वाला, त्व, भर

9. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए : 4

''बसि कुसंग चाहत कुसल,

यह रहीम जिय सोस।

महिमा घटी समुद्र की,

रावण बस्यो परोस॥

**अथवा**

''महामंत्र ऋषियों का

अणुओं परमाणुओं में फूँका हुआ-

''तुम हो महान्, तुम सदा हो महान् ''

है नश्वर यह दीन भाव,

कायरता, कामपरता

ब्रह्म हो तुम,

पद-रज भर भी है नहीं पूरा वह विश्व-भार

जागो फिर एक बार।''

10. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

"समय एक अमूल्य निधि है, जीवन संग्राम में सफल होने के लिए समय का सदुपयोग परम आवश्यक है। अक्सर लोग समय की तुलना धन से करते हैं। लेकिन समय धन से अधिक मूल्यवान है। धन तो एक साधन मात्र है, परन्तु समय सब कुछ है। धन नष्ट भी हो जाये तो पुनः प्राप्त किया जा सकता है, किन्तु नष्ट किए समय को प्राप्त करना असम्भव है। जो मनुष्य समय नष्ट करता है समय उसे नष्ट कर देता है।"

**प्रश्न :**

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का सटीक शीर्षक लिखिए।

(*ii*) जीवन में सफल होने के लिये क्या आवश्यक है ?

(*iii*) सबसे अधिक मूल्यवान क्या है ?

(*iv*) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिये।

11. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5

"जग की विषम आँधियों के झोंकों सम्मुख हो सहना।
स्थिर उद्देश्य समान और विश्वास-सदृश्य दृढ़ रहना।
जाग्रत नित रहना उदारता-तुल्य असीम दृश्य में।
अंधकार में शांत चन्द्र-सा, ध्रुव-सा निश्छल भय में।"

**प्रश्न :**

(*i*) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) उपर्युक्त पद्यांश का भावार्थ लिखिए।

(*iii*) स्थिर, समान, शांत, विश्वास शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।



872

12. अपने विद्यालय के प्राचार्य को स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी को ध्वनि-प्रदूषण रोकने के लिये एक पत्र लिखिये।

13. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग **200** शब्दों में निबन्ध लिखिए : 7

(*i*) समय का महत्व

(*ii*) जीवन में खेलों का महत्व

(*iii*) "परहित सरिस धर्म नहीं भाई"

(*iv*) कम्प्यूटर की दैनिक जीवन में उपयोगिता

(*v*) अनुशासन—छात्र जीवन की बुनियाद

(*vi*) समाचार-पत्र

(ब) उपर्युक्त विषयों में से जिस विषय पर निबन्ध लिखा गया हो, उसके अतिरिक्त किसी **एक** विषय की सटीक बिन्दुवार रूपरेखा लिखिए। 3

4/1947 Set-B

उत्तरमध्यमा द्वितीय सामान्य हिन्दी

828

समय - 1½ घण्टा आदर्श उत्तर पूर्णांक -50

1.- रिक्त स्थान (1×3 = 3)
(i) - इच्छा वाचक
(ii) - कर्मधारय
(iii) - तीन

2.- सही विकल्प (1×3 = 3)
(i) (स) बादल
(ii) (स) सत्याग्रह
(iii) (अ) तैयार रहना

3.- एक शब्द में उत्तर - (1×3 = 3)
(i) हिन्दी
(ii) पंचतत्व के गुण
(iii) गंगा नदी

4.- सत्य | असत्य (1×3 = 3)
(i) सत्य
(ii) असत्य
(iii) सत्य

5. सही जोड़ियाँ (½×6 = 3)
(i) जागो फिर एक बार - (द) निराला
(ii) सृजन यात्रा की साथी - (र) पुस्तकें
(iii) गागर में सागर - (अ) संक्षेपण
(iv) लोकोक्तियाँ - (य) संपूर्ण वाक्य
(v) ट्रेजडी का पारिभाषिक शब्द - (स) त्रासदी
(vi) प्रशंसनीय - (ब) निंदनीय

6.- अभय और शांति का सुन्दर सम्मेलन ही मानवता के विकास की पुण्य भूमि है 2

अथवा

भूषण जी की कविताओं में ओज गुण की प्रधानता है।

7.- आँख का तारा - बहुत प्यारा
घी के चिराग जलाना - अत्यधिक खुशी मनाना।
(सटीक वाक्य में प्रयोग करने पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।) 2

874 अथवा

(i) नदी – सरिता, तरंगिनी, तटनी
(ii) सागर – समुद्र, उदधि, सिन्धु

8.– प्रति – प्रत्येक, प्रतिकूल, आदि
गैर – गैरहाजिर, गैरकानूनी आदि
नि – नियुक्त, निवास आदि

अथवा 2

वाला – रखवाला, फेरीवाला आदि
त्व – महत्व, प्रभुत्व आदि
भर – रातभर, दिनभर आदि

9.– संदर्भ – रहिमन-विलास – रहीम 4
प्रसंग – कुसंगति से बचने की सलाह दी है।
(सटीक व्याख्या लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें)

अथवा

संदर्भ – "जागो फिर एक बार" – सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'।
प्रसंग – भारतवासियों को ब्रह्मा के समतुल्य एवं महान बताया है।
(सटीक व्याख्या लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें)

10. (i) शीर्षक – "समय का सदुपयोग" (1+1+1+2=5)
(ii) जीवन संग्राम में सफल होने के लिए समय का सदुपयोग परम आवश्यक है।
(iii) समय धन से अधिक मूल्यवान है।
(iv) सटीक सारांश लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।)

11.– (i) शीर्षक – "विषम परिस्थितियाँ एवं जागरूकता"
(1+2+2=5)
(ii) स्थिर – अस्थिर
समान – असमान
शांत – अशांत
विश्वास – अविश्वास
(iii) सटीक भावार्थ लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।

Kamlesh

675

12- आवेदन पत्र - संबोधन 5
विषय वस्तु
पत्र समाप्ति

सटीक लेखन पर स्वविवेक से अंक प्रदान करें।

13. (अ) 200 शब्द में निबंध लेखन पर 7
सटीक अंक प्रदान करें।
रूपरेखा
भाषा शैली

(ब) सटीक रूपरेखा लेखन पर स्वविवेक से 3
अंक प्रदान करें।

=X= Kamlesh

876